**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**0000**

**000**

**00**

**0**

**13.04.2026/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/**

**विनोद कुमार/संजय/09:20बजे**

**0000**

**000**

**00**

**0**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव का रोस्टर जारी होने के बाद चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवार मतदाताओं से संपर्क लगे साधने–राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियों में लाई तेजी।

- हिमाचल दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रिकांगपिओ में 14 लोगों को विभिन्न पुरस्कारों से करेंगे सम्मानित।

- पीएम सूर्य घर मुफत बिजली योजना के तहत शिमला जिला का मैहली बनेगा मॉडल सोलर विलेज, एक करोड़ रूपए का मिलेगा पुरस्कार।

- मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले आज होंगी पंचतत्व में विलीन–मुंबई के शिवा जी पार्क में शाम चार बजे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार।

**अब समाचार विस्तार से .......**

## पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज चुनाव का रोस्टर जारी होने के बाद बैठकों का दौर शुरू हो गया है व चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अभी भी से मतदाताओं की नब्ज को टटोलने लग गए हैं और सोशल मीडिया का सहारा भी ले रहे हैं। हालांकि दावेदारी पेश करने वाले उम्मीदवारों के अलावा कांग्रेस और भाजपा चुनाव घोषणा की प्रतीक्षा में है। इधर रोस्टर जारी होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। गौरतलब है कि इस बार पंचायत चुनाव में 22 हजार बूथों पर करीब 54 हजार कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा हर पंचायत में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए 7 से 8 कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने जिलों में बूथों की स्थिति, कर्मचारियों की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करे। इसके अलावा संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

## राज्यपाल

मातृ वंदना संस्थान शिमला द्वारा मातृ वंदना विशेषांक व दिनदर्शिका का कार्यक्रम आज ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता बतौर मुख्यातिथि दिनदर्शिका का विमोचन करेंगे। इस बार मातृ वंदना पत्रिका के विशेषांक व दिनदर्शिका का विषय पंच संकल्प से समाज परिवर्तन है। कार्यक्रम के दौरान वक्ता अपने विचार भी साझा करेंगे।

## मुख्यमंत्री

किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन पुरस्कारों में सिविल सेवा अवार्ड, प्रेरणा स्त्रोत सम्मान व हिमाचल गौरव सम्मान शामिल है। इसमें चार लोगों को हिमाचल गौरव, तीन लोगों को सिविल सर्विस अवार्ड जबकि सात महिलाओं को प्रेरणा स्त्रोत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह चयनित लोगों को इन पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे।

## किरेन रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि देश की महिलाओं से किए गए वायदे, टालने की राजनीति नहीं बन सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने का समय आ गया है, तो कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा है जिसमें रिकॉर्ड में दर्ज तथ्यों और तत्काल आगे बढ़ने की अनिवार्यता का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि दशकों से महिला आरक्षण केवल वायदा बना रहा और इस सरकार ने इसे वास्तविकता में बदला।

## हरोली उत्सव

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि मेले व त्यौहार प्रदेश की संस्कृति की प्राचीन विरासत है और इसको संजोकर रखना सबका दायित्व है। वे कल ऊना के हरोली उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरोली उत्सव अब राज्य स्तर पर अपनी एक विशेष पहचान बना चुका है और क्षेत्र के सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। इस मौके पर मौजूद उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली उत्सव जन–जन की भावनाओं से जुड़ा हुआ है और भविष्य में यह मेला नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।

## पीएम सूर्य योजना

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए शिमला जिला की मैहली ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। योजना के तहत इस ग्राम पंचायत को मॉडल सोलर विलेज के रूप में तैयार किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में ऊर्जा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाना है। **अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला शिमला संवाददाता**

## जलियांवाला बाग

राष्ट्र आज ही के दिन वर्ष 1919 में पंजाब के अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग में ब्रिटिश अधिकारी रेजिनाल्ड डायर द्वारा बेरहमी से मारे गए सैकड़ों निर्दोषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस नरसंहार ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को और भी प्रज्वलित किया था। जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट उनकी स्मृति में 107वां शहादत दिवस मना रहा है।

.

**आशा भोसले**

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनका निधन कल मुंबई के एक अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में हो गया था। सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण आशा भोसले को शनिवार शाम एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले, आशाताई के नाम से भी प्रसिद्ध थी। उन्हें पद्म विभूषण और महाराष्ट्र भूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

**रेणुका बांध**

राष्ट्रीय महत्व की श्री रेणुका जी बांध परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पिछले करीब 4 दशक से इस बांध के निर्माण कार्य के शुरू होने का इंतजार किया जा रहा था। बांध के निर्माण कार्य शुरू होने से अब क्षेत्र में विकास की नई उम्मीदें जगी है और इसके बनने के बाद राजधानी दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

**विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता**

डिस्पैच..

*रेणुका बांध निर्माण कार्य दो चरणों में किया जाना है पहले चरण यहां सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है यहां बनने वाली तीन सुरंग पर करीब 910०8 करोड़ की राशि खर्च की जाएंगी ।सुरंग निर्माण का कार्य ढाई साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बाँध निर्माण से यहां स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे साथ ही धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से क्षेत्र विकसित होगा। बाँध बनने के बाद यहाँ पर्यटन गतिविधियों में और वृद्धि होगीए जिससे होटलए व्यापार और स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। रेणुका बाँध का निर्माण क्षेत्र के लिए विकास का नया अध्याय खोल सकता है। यदि पर्यावरण और स्थानीय लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया गयाए तो यह परियोजना आने वाले समय में मील का पत्थर साबितल। आकाशवाणी समाचार के लिए सिरमौर से सतीश शर्मा।*

**अभियान**

युवाओं को नशे व मादक पदार्थों के सेवन से बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026–27 में ''खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान'' आयोजित करने की विस्तृत योजना तैयार की है। योजना के तहत ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी जिनमें मुख्य रूप से वॉलीबॉल, कबड्डी और क्रिकेट जैसे खेलों को शामिल किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे। इस अभियान का उददेश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों के माध्यम से अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक जीवनशैली की ओर अग्रसर करना है।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला और दैनिक जागरण** की लगभग एक जैसी सुर्खी है **चेस्टर हिल मामले में अब बाल्दी ने मुख्य सचिव को घेरा, उठाए कई गंभीर सवाल।**

**पंजाब केसरी** बतौर मुख्यमंत्री लिखता है **तस्करों की संपत्तियां होंगी कुर्क, युवाओं को खेल से जोड़कर चिटटा मुक्त हिमाचल का संकल्प। दैनिक भास्कर** का शीर्षक है **नशे के खिलाफ सुक्खू सरकार की पहल–प्रदेश भर में होगी खेल प्रतियोगिताएं, कोटला बड़ोग में 20 करोड़ से बनेगा पुनर्वास केंद्र। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **हिमाचल में मछलियों का एमएसपी 100 रूपए तय।**

**बॉर्डर टूरिज्म खुलने से चीन सीमा तक उमड़ रहा पर्यटकों का सैलाब** शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** लिखता है **किन्नौर के सांगला–छितकुल और शिपकिला में बढ़ रहे पर्यटक, युवाओं के लिए खुले रोजगार के द्वार।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव का रोस्टर जारी होने के बाद चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवार मतदाताओं से संपर्क लगे साधने–राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियों में लाई तेजी।
- हिमाचल दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रिकांगपिओ में 14 लोगों को विभिन्न पुरस्कारों से करेंगे सम्मानित।
- पीएम सूर्य घर मुफत बिजली योजना के तहत शिमला जिला का मैहली बनेगा मॉडल सोलर विलेज, एक करोड़ रूपए का मिलेगा पुरस्कार।
- मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले आज होंगी पंचतत्व में विलीन–मुंबई के शिवा जी पार्क में शाम चार बजे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार।